दिल्ली जल बोर्ड दिल्ली सरकार,
वरूणालय परिसर फेस द्वितीय करोल बाग–05

F.No. 545(19)/AC(W)/2019/ Dated:- 19/02/19

अपील

जैसा की आप सभी को विदित है कि हमारे देश के दुश्मनों ने आतंकवादियों के रूप में हमारे पुलवामा के अवंतिपुरा क्षेत्र में हमारे केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवानों के काफिले पर 14.02.2019 को आत्मघाती हमला किया जिसमें हमारे चालीस जवान शहीद हुए । इसके अतिरिक्त अभी भी इस इलाके में आतंकवादी लगातार हमारे सुरक्षाबलों पर घात लगाकर हमला कर रहें हैं । हलांकि हमारी सरकार और फौज इस सन्दर्भ में कार्यवाही कर रही हैं मगर जब देश की सुरक्षा का प्रश्न हो तो प्रत्येक देशवासी को एकजुट होकर तन मन धन से अपना हित ना देखते हुए देश की सरकार एवं सुरक्षा बलों को पूर्ण सहयोग देना चाहिए । हमारे जवान इस कार्य के लिए पूरी तरह सक्षम हैं । मगर हमारा भी यह कर्त्तय बन जाता हैं कि हम अपने सुरक्षाबलों के परिवारों को कुछ सहयोग देते हुए उनका मनोबल बढाऐं।

इस सन्दर्भ में गृहमंत्रालय ने भारत के वीर के नाम से एक कोष बनाया है जिसमें आप अपनी इच्छानुसार केन्द्रीय सुरक्षा बल के परिवारों की सहायता के लिए दान कर सकते हैं। इस संबन्ध में विशेष रूप से मैं यह अनुरोध करना चाहूँगा कि श्रेणी 'ए' एव 'बी' के अधिकारी एवं कर्मचारी तो शीघ्र ही अपने वेतन की एक दिन की राशि का नगद भुगतान अपने डी.डी.ओ. के पास जमा करवा दें जो एकत्र की गई सम्पूर्ण राशि **सहायक आयुक्त (जल)** को जमा करवा देगें . अन्य कर्मचारी जो दान देना चाहें, वे लिखित रूप में अपनी सहमति सम्बन्धित डी.डी.ओ. को दें दें जो एड़वांस में चेक बना लेगे और बाद में उनके वेतन से वाछिंत राशि काट लेगें । यह कार्य **दिनांक 25.02.2019** तक पूर्ण कर लें ।

अतः दिल्ली जल बोर्ड के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों से मेरी व्यक्तिगत अपील है कि वे इस समय केन्द्रीय सुरक्षा बल के परिवारों की सहायता के लिए राष्ट्रीय विपदा की घड़ी में अपना यथाशक्ति सहयोग प्रदान करें आप के द्वारा दान की गई राशि **भारत के वीर कोष** में जमा करा दी जायेगी ।

(signature) 19/2/19
(ए.के. सिह)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी .

समस्त विभागाघ्यक्ष/अधिकारी/कर्मचारी एवं यूनियन

prog. I, please upload as discussed verbally with AC(W) office
(signature) 20.2.19

एक दिन का वेतन काटे जाने संबंधी अनापत्ति प्रमाण–पत्र

पुलवामा के अवंतिपुरा क्षेत्र में हमारे देश की सेना द्वारा की जा रही कारवाई के संबंध में भारत के वीर कोष हेतू मैं फरवरी 2019 के वेतन में से एक दिन के वेतन काटे जाने के लिये सहमत हूँ ।

हस्ताक्षर———————————

अधिकारी/कर्मचारी का नाम———————————

पद संज्ञा———————————————

कार्यालय का पूर्ण पता———————————